SL. No. : Z

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 43 ]
Total No. of Questions : 43 ]

**CCE RF**
**CCE RR**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

यहाँ से काटिए

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ + ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh + Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 10. 04. 2017 ] [ Date : 10. 04. 2017

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-00 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-00 Noon

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 43 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : $6 \times 1 = 6$

1. रवींद्रनाथ ठाकुर को लोग किस नाम से पुकारते थे ?
2. करोड़पति के होश-हवास क्यों उड़ गये ?
3. प्रताप, पं० राजकिशोर के घर क्यों गया था ?
4. लेखक को स्टेशन पर माली की याद क्यों आई ?
5. मातृभूमि के खेत कैसे हैं ?
6. पवन का ताप किसके हुक्म पर चढ़ता-उतरता है ?

II. 7. **स्तम्भ - क** के वाक्यांशों के साथ **स्तम्भ - ख** के सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए :

$4 \times 1 = 4$

| **स्तम्भ - 'क'** | **स्तम्भ - 'ख'** |
|---|---|
| अ) गिल्लू थाली का चावल | i) लेखक |
| आ) बेलूर मंदिर की मूर्तियाँ | ii) चुटकी देकर |
| इ) ईमानदार सम्मेलन के मुख्य अतिथि | iii) सफाई से ले जाता |
| ई) ग्वाल हँसते हैं | iv) सजीव |
| | v) नाटककार |
| | vi) डींग मारकर |
| | vii) सफाई से खाता । |

III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : $4 \times 1 = 4$

8. कारखानों की एजेन्सियों के मालिक : साहनी के पिता : : रेस्तराँ का मालिक :

9. बसंत की सच्चाई : एकांकी : : ईमानदारों के सम्मेलन में :

10. तिम्मक्का : कक्केनहल्ली : : चंद्रशेखर कंबार :

11. मातृभूमि : भगवतीचरण वर्मा : : अभिनव मनुष्य :

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : $11 \times 2 = 22$

12. नदियों पर बने जलाशयों के क्या लाभ हैं ?

13. शांतिनिकेतन की स्थापना का उद्देश्य बताइए ।

14. भिखारी ने बूढ़े व्यक्ति के प्राण कैसे बचाए ?

15. गिल्लू ने महादेवी वर्मा की अस्वस्थता में उनका खयाल कैसे रखा ?

16. भीष्म साहनी को रेस्तराँ के मालिक का व्यवहार क्यों असहनीय लगा ?

17. कंबार, अपने पिताजी को आदर्श क्यों मानते थे ?

18. 'अभिनव मनुष्य' के आधार पर मनुष्य का सही परिचय कैसे स्थापित किया गया है ?

19. तुलसीदास के अनुसार मनुष्य को हंस से क्या सीखना चाहिए ?

20. यशोदा, कृष्ण को कैसे मनाती है ?

21. शनि को ठंडा ग्रह क्यों माना जाता है ?

**अथवा**

झूठ बोलनेवालों की स्थिति कैसी होती है ?

22. समय के निकल जाने पर उसके पीछे दौड़नेवालों की हालत कैसी होती है ?

**अथवा**

शास्त्र में सत्य बोलने के तरीके को कैसे समझाया गया है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 4 × 3 = 12

23. सोशल नेटवर्किंग से मनुष्य और समाज पर हो रहे प्रभावों का विवरण दीजिए ।

24. पं० राजकिशोर के परोपकारी गुणों का परिचय दीजिए ।

25. मातृभूमि की प्रकृति की सुंदरता का वर्णन कीजिए ।

26. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।

तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।

VI. निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 1 × 4 = 4

27. तिम्मक्का के सामाजिक कार्यों का विवरण दीजिए ।

**अथवा**

कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का वर्णन कीजिए ।

28. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

जो तेरी ..................................................

............................................................

............................................................

............................................ दिला रही है !

**अथवा**

राम नाम ............................................... ।

...................................... चाहसी उजियार ।।

## खण्ड - ख

## ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8

29. निम्नलिखित में से कौन शब्द स्त्रीलिंग है ?

(A) नौकर (B) बालक

(C) लेखिका (D) भिखारी ।

30. 'निकट' शब्द का विलोम है

(A) ऊपर (B) समीप

(C) बगल (D) दूर ।

31. 'चौमासा' किस समास का उदाहरण है ?

(A) बहुव्रीहि (B) द्विगु

(C) कर्मधारय (D) द्वंद्व ।

32. निम्नलिखित में से दीर्घ संधि का उदाहरण है

(A) संग्रहालय (B) सदैव

(C) अत्यंत (D) परोपकार ।

33. आसमान ...................... तारे चमकते हैं ।

इस वाक्य में उपयुक्त कारक होगा

(A) को (B) से

(C) में (D) के लिए ।

34. 'खतरे से बच जाना' — अर्थ देनेवाला मुहावरा है

(A) बाल-बाल बचना (B) हिम्मत न हारना

(C) होश-हवास उड़ना (D) बीड़ा उठाना ।

35. 'पढ़ना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है

(A) पढ़वाना (B) पढ़ाई

(C) पढ़ (D) पढ़ाना ।

36. किताब कहाँ है

इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न होगा

(A) पूर्ण विराम (B) प्रश्न वाचक

(C) अर्ध विराम (D) विस्मयादि बोधक ।

## खण्ड - ग

### ( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )

VIII. 37. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

$4 \times 1 = 4$

हास्य, नीरस-जीवन को सुखद बना देता है । हास्य का जादू सुगंध की तरह चारों ओर फैल जाता है । मनुष्य को जीवन में इतनी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है कि वह अपने जीवन को बहुत मुश्किल समझने लगता है । ऐसे कठिन जीवन को जीने योग्य बनाने के लिए जीवन में हँसने का अवकाश हो । हँसी के सहारे मनुष्य अपने कष्टों को भूलने का प्रयत्न करता है । तनाव, व्यस्तता, संघर्ष आदि आज के जीवन की सहज देन हैं । इनसे बचने के लिए यह आवश्यक है कि हम हँसना सीखें ।

क) नीरस-जीवन को सुखद कौन बनाता है ?

ख) आज के जीवन की सहज देन क्या हैं ?

ग) कठिन जीवन को जीने योग्य बनाने के लिए क्या जरूरी है ?

घ) हास्य का जादू कैसे फैलता है ?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : $4 \times 1 = 4$

38. समय कभी रुकता नहीं है ।

39. घोडगेरी गाँव घटप्रभा नदी के तट पर है ।

40. पं० राजकिशोर कहाँ रहते हैं ?

41. रवींद्रनाथ श्रेष्ठ चित्रकार थे ।

X. 42. दिए गए बिंदुओं के आधार पर 15-20 वाक्यों में कोई एक निबंध लिखिए : $1 \times 4 = 4$

क) इंटरनेट

* अर्थ / व्याख्या
* उपयोग / सुविधाएँ
* दुष्परिणाम
* उपसंहार ।

ख) बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ

* परिवार और समाज में बेटी का स्थानमान
* बेटी की शिक्षा में आनेवाली बाधाएँ
* परिहार उपाय
* उपसंहार ।

ग) जनसंख्या वृद्धि

* अर्थ / व्याख्या
* वृद्धि के कारण और परिणाम
* नियंत्रण के उपाय
* उपसंहार ।

XI. 43. अपने मित्र / सहेली को गर्मियों की छुट्टियों में आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए । $1 \times 4 = 4$

**अथवा**

दीदी के विवाह में भाग लेने के लिए चार दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक को पत्र लिखिए ।